हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 फरवरी 2026

04 अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर...



07 पार्षद ने की पीआईसी की अध्यक्षता दो दर्जन...





## खबर संक्षेप

### राहतगढ़ में होने वाली जनसुनवाई स्थगित

**सागर।** सागर जिले के राहतगढ़ विकासखंड में 17 फरवरी दिन मंगलवार को होने वाली विशेष जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार नवीन तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। अन्य विकासखंड में जनसुनवाई यथावत निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जाएगीं। इसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई यथावत आयोजित की जाएगी।

### रोजगार मेले का आयोजन 18 से 28 फरवरी तक

**सागर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मध्यप्रदेश शासन मध्य प्रदेश डे-एसआरएलएम द्वारा सागर में विकासखण्ड/संकुल स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 18 से 28 फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है किया जा रहा है। रोजगार मेले में 18 वर्ष से 40 वर्ष की आयु के 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण एवं स्नातक / आई.टी.आई. शैक्षणिक योग्यता प्राप्त बेरोजगार युवक एवं युवतियां पात्र होंगी। आवश्यक दस्तावेज- अंकसूची की फोटोकॉपी, तीन पासपोर्ट साई फोटो बी.पी.एल. सूची में यदि नाम है तो उसकी फोटोकॉपी। रोजगार मेले में ग्रामीण क्षेत्र के युवक एवं युवतियों के लिए उपस्थित कंपनियों के द्वारा मेला स्थल पर ही साक्षात्कार कर चयन किया जावेगा एवं मेला स्थल पर ही कंपनियों द्वारा कंपनी की प्रोफाइल (विस्तृत जानकारी) दी जावेगी, एवं कंपनियों द्वारा इच्छुक बेरोजगारों का चयन किया जावेगा।

### शिवसैनिकों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** फेसबुक पेज पर आमिर ख़ान द्वारा शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट से आक्रोशित शिवसैनिकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा कि शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी लगातार लव जिहाद, लैंड जिहाद व गौ तस्करों के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाते है। जिसके कारण अब जिहादी तत्वों द्वारा फेसबुक पर पप्पू तिवारी की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से आपत्तिजनक पोस्ट डाली जा रही है। जिसे शिवसेना सहित हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त फेसबुक अकाउंट से हिंदू नेताओ के साथ बड़े राजनेताओं के ख़िलाफ़ आपत्तिजनक पोस्ट डालकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है । जो बर्दाश्त करने योग्य नही है।

### आकाशवाणी सागर द्वारा रेडियो किसान दिवस का आयोजन

**सागर।** ग्राम कनेरा मनक्याई में आकाशवाणी सागर द्वारा रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें गांव के अनेक किसान और जिले के विभिन्न स्थानों से पधारे किसान भाइयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वागत सत्र में आमंत्रित कृषि विशेषज्ञों यथा डॉ.के.एस. यादव, डॉ. आशीष त्रिपाठी, डॉ.बी के शर्मा, आर.डी.चौबे, जितेंद्र सिंह राजपूत, विपिन कुमार जैन का स्वागत आकाशवाणी सागर के कार्यक्रम प्रमुख दीपक निषाद के द्वारा शाल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर किया गया और रेडियो माइक का प्रतीक चिन्ह सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। इसके उपरांत ग्राम के प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी आकाशवाणी सागर की तरफ से पुष्पहार पहनाकर किया गया। मनक्याई और आसपास के गांवों में खासतौर से फूलों और विभिन्न सब्जियों की खेती होती है इनकी उन्नत कृषि हेतु कृषि विशेषज्ञों ने अपने वैज्ञानिक सुझाव किसानों को कार्यक्रम में दिए।

निर्विघ्न रूप से पेपरलेस निर्वाचन संपन्न कराने में मिला सागर को सम्मान

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्ग दर्शन में सागर ने मध्यप्रदेश में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के मार्गदर्शन में राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत सागर में स्थानीय निर्वाचन पेपरलेस के रूप में निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने पर निर्वाचन भवन मध्यप्रदेश, राज्य निर्वाचन आयोग के 32 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर को आयुक्त राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव, डॉ आर परशुराम, ओपी रावत, सिद्धार्थ सेठ सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।



मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के 32 वें स्थापना दिवस के अवसर पर निर्वाचन भवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उनके निर्वाचन की टीम को राज्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सागर जिले के लिए गौरव की बात है जब मध्यप्रदेश में सागर ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के मार्गदर्शन में यह परचम फहराया है। आज सागर सहित दमोह एवं बैतूल के जिला निर्वाचन अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर संभाग कमिश्नर श्री अनिल सुचारी ने सागर, दमोह के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को बधाई, शुभकामनाएं दी हैं।

कलेक्टर ने बताया कि राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा विगत दिनों सागर की तीन जनपद पंचायतों में चार सरपंच पद के चुनाव पेपरलैस विधि के माध्यम से संपन्न कराए गए थे जिसमें जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत हलउ में दो मतदान केन्द्र, जैसीनगर जनपद पंचायत के दो ग्राम पंचायत औरिया एवं अगरा में दो-दो मतदान केन्द्र एवं राहतगढ़ जनपद पंचायत में ग्राम पंचायत सेमरा लहरिया में तीन मतदान केन्द्र कुल नौ मतदान केन्द्रों पर पेपरलैस मतदान संपन्न हुआ था।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पेपरलेस निर्वाचन में पीठासीन अधिकारी के सारे प्रपत्र कम्प्यूटर के माध्यम से भरे जाते हैं, इसी प्रकार वोटर लिस्ट भी कम्प्यूटर पर उपलब्धरहती है एवं मतदाता को वेरीफिकेशन भी कम्प्यूटर आधारित प्रणाली से किया जाता है। मतदाता रजिस्टर भी कंप्यूटर पर रहता है जिसमें मतदाता के हस्ताक्षर सिग्नेचर कैप्चर डिवाइस पर ई-पेन के माध्यम से किए जाते हैं। इस प्रकार संपूर्ण मतदान केन्द्र पर बिना पेपर कागज का उपयोग किए मतदान संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि यह निर्वाचन पायलट प्रोजेक्ट के तहत सागर जिले का चयन किया गया था जिसमें निर्विघ्न रूप से निर्वाचन को संपन्न कराया गया।



## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मिला बाघ का शव, रेडियो कॉलर से मिली जानकारी

**सागर।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के मोहली परिक्षेत्र के मानेगांव बीट के कक्ष क्रमांक 159 में रविवार शाम 5:30 बजे एक बाघ का शव मिला। वनमंडल अधिकारी, वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व ने बताया कि उक्त बाघ को 18-19 जनवरी की दरमियानी रात को रेडियो कॉलर लगाकर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के कोर वन क्षेत्र में मुक्त किया गया था एवं तब से ही मॉनिटरिंग दल उसकी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे। विगत दो दिवसों से उस बाघ की लोकेशन एक जगह ही आ रही थी। मॉनिटरिंग दल ने नजदीक जाकर देखा तो उन्हें उक्त बाघ मृत अवस्था में मिला। अंधेरा हो जाने के कारण डॉग स्क्वायड से सर्च, अन्य अन्वेषण एवं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल अनुरूप पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## मानव सेवा ही सच्ची सेवा है: गोपाल भार्गव




**गढाकोटा।** सागर जिले के रहली विधानसभा से पूर्व मंत्री पं .गोपाल भार्गव द्वारा चलाई जा निशुल्क गोपाल जी एंबुलेंस सेवा से क्षेत्र के मरीज कैंसर, लीवर एवं हड्डी रोग से पीड़ित 12 उपचाररत मरीजों को उनके परिजनों सहित भोपाल इलाज हेतु गढाकोटा निज निवास गणनायक से रवाना किया गया। गोपाल भार्गव ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है । इसी भाव के साथ गंभीर बीमारियों से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारा सतत प्रयास है। भोपाल में मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था पूर्ववत सुनिश्चित की गई है। ईश्वर से कामना है कि सभी मरीज शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें एवं परिवार सहित स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हों। जनसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

## खुरई में शिवबारात में 70 झांकियां, 16 डीजे 13 बग्गियां: 7 घंटे में 6 किलोमीटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भूतेश्वर मंदिर से भगवान शिव की शाही बारात निकाली गई। करीब 6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 7 घंटे तक चली इस बारात में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। स्टेशन चौराहा से परसा चौराहा तक का पूरा इलाका शिवभक्तों से भरा नजर आया।

शिव शाही शादी समिति के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस बार आयोजन को बेहद खास बनाया गया। बारात में मथुरा, जबलपुर, कटनी और सागर के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

इस वर्ष हल्दी, मेहंदी, मंगलसूत्र और वरमाला जैसी वैवाहिक रस्मों को दर्शाने वाले नौ चलित मंडप झांकियां भक्तों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं।

शाही बारात की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें कुल 70 झांकियां, 16 डीजे, 13 बग्गियां और 7 बैंड शामिल थे। बारात में ऋषि-मुनि, सुर-असुर, अघोरी और भूत-पिशाचों के वेश में सजे कलाकार चल रहे थे। खुले ट्रालों पर वृंदावन की रासलीला और शिव नृत्य का जीवंत प्रदर्शन हुआ, जबकि सबसे पीछे वाहन पर सवार होकर 'दूल्हे राजा' भगवान शिव की प्रतिमा नगर भ्रमण पर निकली

बारात के दौरान तोप से पुष्प वर्षा और रंगीन कागजों की बारिश की गई, जिससे पूरा वातावरण उत्सव के रंग में सराबोर हो गया। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा खीर, मिष्ठान और जल के स्टॉल लगाए गए थे, जहां शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। प्रशासन और समिति के तालमेल से यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ।



## सब्जी मंडी सागर का साप्ताहिक बंद का तीसरा सोमवार स्वेच्छा पूर्ण बंद सफल रहा

**सागर।** सब्जी मंडी तिलकगंज सागर में काफी विरोधाभासों के पश्चात फल विक्रेताओं को छोड़कर साप्ताहिक बंद पूर्ण रूप से सफल रहा।अध्यक्ष राजकुमार धामेचा और सचिव अकील अहमद ने बताया कि सम्मिलित बैठक दिनांक 11/02/2026 दिन मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश की समीक्षा का संज्ञान लेते हुए अनुमान लगा कर आदर्श थोक फल सब्जी विक्रेता संघ सागर की बाध्यता को समाप्त करने के पश्चात निष्कर्ष निकाला कि विगत दो सोमवार साप्ताहिक अवकाश रखने से जीवन को सुरक्षित रखने की महत्वपूर्णता महसूस हुई। इस कारण अपनी स्वेच्छा पूर्ण थोक एवं फुटकर व्यापरियों एवं हम्मालो ने अपनी स्वेच्छा से बंद का समर्थन किया। फुटकर यूनियन के अध्यक्ष हरिराम पटेल एवं उपाध्यक्ष अकबर राईन ने बताया कि सम्मिलित बैठक होने के पश्चात फुटकर विक्रेताओं की बैठक हुई जिसमें फुटकर विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से सप्ताह में एक दिन बंद रखना स्वयं के स्वास्थ्य एवं अपने परिवार और बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिये जीवनदायनी साप्ताहिक अवकाश जारी रखने का निर्णय लिया। हम्माल यूनियन के अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने भी बैठक के पश्चात समस्त हम्मालों को एकत्रित कर बैठक की जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने शाकिर राईन को हम्माल यूनियन का संरक्षक चुना एवं तय किया गया कि श्रम अधिनियम की धारा 52 के अनुसार मानसिक एवं शारीरिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए एक दिन का अवकाश रखना आवश्यक है, जिसका असर आज संपूर्ण बंद में दिखा।

## मध्यप्रदेश में वकील की हत्या के विरोध में 'प्रतिवाद दिवस', सुरक्षा की मांग



**गढाकोटा।** शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की निर्मम हत्या ने प्रदेश के कानूनी जगत को हिला कर रख दिया है। इस घटना के विरोध में,मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर सोमवार, 16 फरवरी को प्रदेश भर के बकील 'प्रतिवाद दिवस' मना रहे हैं। इस दौरान,अधिवक्ता अदालती कार्यवाही से दूर रहकर सरकार से सुरक्षा की मांग करेंगे। वकीलों में सुरक्षा को लेकर गहरा डर और असंतोष व्याप्त है। गढाकोटा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जमील कुरैशी ने कहा कि अपराधी अब कानून के रक्षकों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। जब तक प्रदेश में 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' लागू नहीं होता,तब तक वकील खुद को असुरक्षित महसूस करते रहेंगे। अधिवक्ता संघ ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदारमहेश दुबे को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष विनोद पटेल,सचिव डी.पी.लड़िया सचिव, पुस्तकालय अध्यक्ष राजाराम कोरी,कोषाध्यक्ष बहराम खान,सहसचिव खेमचंद कुर्मी सहित कार्यकारिणी सदस्य मनीषा सोनी,प्रदीप नेना,महेन्द्र कुर्मी,वतन सोनी, हेमराज प्रजापति,टीकाराम पटेल, काशीराम कुर्मी सहित वरिष्ठ सदस्य जे.पी.चौदहा,अरूण मिश्रा,रामसजीवन चौबे, राजेन्द्र चौबे, विवेक भागवत कैलाशनाथ श्रीवास्तव, संदीप कुर्मी,जागेश्वर खरे, पी.एल.रावत, शशि कुमार खत्री, परषोत्तम कुर्मी, सतीश कुमार गुप्ता, सिद्वांत कुर्मी, अजय लोधी, विजय आठ्या, प्रियंका सोनी, दिव्यांशी सोनी,राजेश कुर्मी रमन पाण्डेय,शेख शमशेर कुरैशी,आदित्य मिश्रा,पीयूष चौबे,अभिषेक मिश्रा,प्रद्युम्न मिश्रा संनू,शंकर राय, आजाद खान, अवधेश पाण्डेय, राजा लोधी, सचिन अठभैया,अभिषेक साहू,कमलेश पटेल,उमेश कुर्मी एवं ओमकुमार कुर्मी सहित सभी सम्माननीय अधिवक्तागण एवं संघ के लिपिक उपस्थित थे। अधिवक्ताओं पर होने वाले हमलों को रोकने के लिए विशेष कानून तत्काल लागू किया जाए। सुरक्षा की गारंटीः कोर्ट परिसर और बाहर अधिवक्ताओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए।

## वीर विद्या निकेतन हाई स्कूल में असामाजिक तत्वों का आतंक, कक्षाओं तक फैलाई दहशत

**सागर।** वीर विद्या निकेतन हाई स्कूल, पटना बुजुर्ग में रविवार की रात असामाजिक तत्वों ने जमकर तोड़फोड़ मचाई। अज्ञात बदमाशों द्वारा स्कूल परिसर में शराब की बोतलें तोड़ दी गईं, जिससे पूरा परिसर कांच के टुकड़ों से भर गया। इतना ही नहीं, संस्थान की प्रत्येक कक्षा के भीतर भी कांच फैलाया गया, जिससे छात्राएं एवं शिक्षक गहरे भय और दहशत में हैं। घटना में स्कूल के मुख्य गेट और नल को भी तोड़ दिया गया। स्कूल के पास रहने वाले एक छात्र ने बताया कि रात के समय चार–पांच मोटरसाइकिलों पर सवार युवक स्कूल के पास खड़े थे और बाद में परिसर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। सोमवार सुबह जब स्कूल प्रबंधन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हर कक्षा, बरामदे और परिसर में कांच फैला मिला। हालात ऐसे हैं कि विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं के लिए स्कूल में प्रवेश करना भी जोखिम भरा हो गया है। शिक्षकों ने भी असुरक्षा की भावना व्यक्त की है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि पुलिस गश्त नहीं होने के कारण शाम होते ही असामाजिक तत्वों का आतंक शुरू हो जाता है। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूल एवं गांव क्षेत्र में नियमित रात्रि गश्त की व्यवस्था की जाए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।स्कूल प्रबंधन द्वारा इस पूरी घटना की शिकायत रहली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश का माहौल है।



## गणतंत्र दिवस में सहभागी विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स का कुलपति ने किया उत्साहवर्धन

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेटों के दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में सफलतापूर्वक सहभागिता कर वापस लौटने पर विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेटों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर, कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय, बिरग्रेडियर विकास बहुगुणा ग्रुप कमांडर सागर एनसीसी ग्रुप, सी.ओ. तथा ए.एन.ओ लेफ्टिनेंट गौतम प्रसाद, सी.टी.ओ. डॉ. रजनीश अग्रहरी ने शुभकांमनाए दी।

वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार, तीन आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज

# शिवरात्रि चल समारोह के दौरान धारदार हथियार से हमले में युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

देवरी नगर में धूमधाम से मनाये जाने वाले शिवरात्रि पर्व के चल समारोह के दौरान उस वक्त अफरा तफरी का माहौल बन गया जब एक हमलावर ने एक युवक को कटर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र ले जाया गया जहाँ देखते ही देखते सैकड़ों युवक एकत्र हो गये, घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में पीड़ति की रिपोंट पर 3 युवको विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच आरंभ कर दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात्रि में लगभग 9.30 बजे उस समय घटित हुई जब नगर के संकट मोचन मंदिर समिति द्वारा निकाली जा रही शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजर रही थी। शोभा यात्रा के झुनकू पुल के समीप पहुँचने पर जुलूस में घुस आये एक हमलावर द्वारा धारदार कटर से हमला करके अनिल उर्फ अन्ना कोष्टी निवासी खंडेराव वार्ड देवरी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीछे से किये गये इस हमले में युवक को पीठ में कंघे से लेकर नीचे तक गंभीर चोट आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है।देवरी नगर में कई वर्षो से आयोजित होने वाले शिवरात्रि महोत्सव के आयोजन के दौरान पहली बार हुई ऐसी घटना को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। घटना के बाद चल समारोह में शामिल समिति सदस्य एवं घायल युवक के साथी बड़ी संख्या में अस्पताल परिसर में एकत्र हो गए जिससे काफी गहमा गहमी का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही देवरी थाना प्रभारी पुलिस स्टाफ के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल युवक का हाल जाना वहीं पूरे मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी वहीं घटना की जानकारी लगते ही देवरी एसडीएम मुनोव्वर खान, तहसीलदार प्रीति रानी चौरसिया भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और घटना की संपूर्ण जानकारी ली।




### जुलूस में उत्पात मचाने से रोकने पर किया हमला

वारदात के संबंध में घायल युवक ने पुलिस बताया कि आरोपी मयंक यादव, देव यादव और ओम यादव शराब पीकर जलूस में तलवार लहरा रहे थे, जिसके कारण उन्हे गन्नी तिराहे पर समझाकर जूलूस से बाहर कर दिया गया था, जिसके बाद वह जुलूस में व्यवधान करने का प्रयास कर रहे थे जिसकी शिकायत पुलिस से करने पर तैनात अमले द्वारा उन्हे खदेड़ा गया था। परंतु वह लडाई पर आमादा थे और मौका देखकर पीछे से हमलाकर भाग खड़े हुए। पुलिस द्वारा प्रार्थी की रिर्पोट पर तीनों युवकों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### देवरी में बढ़ रही कटर से हमले की वारदाते

देवरी नगर में कटर से हमले की ये पहली वारदात नही है, इससे पूर्व भी नगर में आफसी बुराई के चलते युवकों द्वारा कटर से हमले की वारदातों को अंजाम दिया गया है। किशोर आयु के युवकों में कटर रखने बढ़ती प्रवृति को भी उनके अभिभावकों द्वारा नोटिस न किया जाना एक गंभीर विषय है। सागर शहर में गंभीर समस्या बन चुकी कटरबाजी घटनाओं के बाद देवरी नगर में भी ऐसी वारदाते सामने आना पुलिस के चुनौती पूर्ण साबित हो सकता है। जनरल और स्टेशनरी दुकानों पर सहज में उपलब्ध रेडियम और थर्माकोट कटर को किशोर आयु के बच्चों द्वारा रखा जाना फैशन बनता जा रहा है। मामले में स्कूल शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा ध्यान दिया जाना बेहद आवश्यक है।




## विश्वविद्यालयः डॉ. अंबेडकर चेयर के द्वारा संत सेवालाल महाराज की जयंती मनाई गई

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. अंबेडकर चेयर द्वारा संत सेवालाल महाराज की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर चेयर के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि संत सेवालाल महाराज बंजारा समुदाय के प्रमुख, आध्यात्मिक गुरु, समाज सुधारक और क्रांतिकारी संत थे । उन्होंने ईमानदारी, सेवा और अहिंसा का संदेश दिया। सहायक प्राध्यापक डॉ. रामहैत गौतम ने कहा कि संत सेवालाल ने सत्य, अहिंसा और समाज सुधारक के रूप में बंजारा समाज में नव चेतना का संचार किया । वह आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा में माहिर थे और लोगों का इलाज करते थे। प्रो. राजेश गौतम ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर चेयर समाज सुधारक, संत, महात्माओं के विचारों को आगे ले जाने का कार्य करता है । इस कार्यक्रम का माध्यम भी आने वाली पीढ़ी को संत सेवालाल का संदेश हम पहुंच सके। उन्होंने बुद्ध की प्रतिज्ञा के बारे में भी बताया । कार्यक्रम में डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. चिट्टी बाबू, अंशु झारिया, हिमांशु लारिया, शरद कुमार, जितेंद्र कुमार, रामशरण सिंह, राहुल यादव, मोहित भारती, बालचंद आदि उपस्थित थे ।

## शिवपुरी करैरा में हुई वकील की हत्या का विरोध

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला अधिवक्ता संघ ने जिलाध्यक्ष वकील अनिल त्रिपाठी के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। साथ ही राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें शीघ्रता से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। ज्ञापन के बाद जिलाध्यक्ष वकील अनिल त्रिपाठी ने जिला प्रशासन की उदासीन व लापरवाह कार्यप्रणाली की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि टीकमगढ़ जिला प्रशासन वकीलों के साथ करैरा जैसी घटना होने का इंतजार कर रहा है। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर टीकमगढ़ जिले में वकीलों के साथ लगातार हो रही वारदातों को लेकर प्रशासन ने उदासीन रवैया अपनाना जारी रखा तो आगामी समय उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।






### टीकमगढ़ में भी वकीलों के साथ लगातार हो रही वारदातें

अधिवक्ता संघ जिलाध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि टीकमगढ़ में वकीलों के साथ भी लगातार वारदाते हो रही है और जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने बताया कि शिवपुरी के करेरा में सीनियर वकील संजय सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किये जाने की घटना से पूरे प्रदेश के वकीलों में भारी गुस्सा है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वकीलों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उक्त ज्ञापन में टीकमगढ़ जिले में भी वकीलों के साथ हुई तीन बड़ी घटनाओं का जिक्र किया गया है। जिनके वीडियो भी वायरल हुए है। बकील ब्रजकिशोर तिवारी और उनके परिवार पर जानलेवा हमला हुआ। वहीं बकील सुमित्रा राजपूत और उनके पति के साथ अस्पताल में 25 से 30 लोगों के द्वारा मारपीट की गई। लेकिन पुलिस ने वीडियो होने के बावजूद सिर्फ एक व्यक्ति पर केस दर्ज किया। इसके अलावा बकील भूपेंद्र बिरथरे के गैरेज में वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया, लेकिन पुलिस ने अब तक ठोस कार्यवाही नहीं की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि अपराधियों के खिलाफ ढुलमुल रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं।

### शिवपुरी करैरा में वकील की हत्या को लेकर अधिवक्ता संघ रोष में

टीकमगढ़ जिला अधिवक्ता संघ जिलाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने बताया कि शिवपुरी जिले के करैरा में वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह वारदात उस समय हुई जब वे अपनी मोटरसाइकिल से घर से कोर्ट जा रहे थे। इसी दौरान करैरा में किले के पीछे, आनंद सागर मंदिर के पास सिद्धन रोड पर हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया। पुलिस जांच के अनुसार यह हत्या 10 लाख रुपये की सुपारी देकर करवाई गई थी। उक्त घटना के विरोध में आज 16 फरवरी को जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया गया। और राज्यपाल के नाम शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी गई चेतावनी

जिला अधिवक्ता संघ ने स्पष्ट कहा है कि यदि इन मामलों में अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकाल के लिए पुलिस से जुड़े सभी कानूनी कार्यों का बहिष्कार कर देंगे। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तुरंत लागू किया जाए। और अधिवक्ताओं पर हुए हमलों के मामलों में शीघ्रता से ठोस कार्यवाही की जाए।

## बड़ागांव पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

# पशु तस्करी में झांसी जाते वाहन को बजरंगदल ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव धसान



पशु तस्करों के विरुद्ध संचालित अभियान के तहत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सूचना मिलने पर पशु तस्करी करते हुए एक वाहन को पीछा करते हुए पकड़ा है। उक्त वाहन को पकड़ने में बड़ागांव पुलिस का भी सहयोग लिया गया। बड़ागांव पुलिस ने पशु तस्करी में उपयोग किये गये वाहन को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है।

बजरंगदल कार्यकर्ताओ ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बड़ागांव क्षेत्र से एक पिकअप वाहन गुजर रहा है जिसमें पशुओं को तस्करी करके झांसी उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना मिलते ही बजरंगदल कार्यकर्ताओ ने पीछा करते हुए भैसो से भरा पिकअप वाहन पकड़ लिया। जिसमें दर्जनों पशुओं को भरकर झाँसी ले जाया जा रहा था। पशु तस्करो ने क्रूरता दिखाते हुए जिन पशुओं को पिकअप वाहन में ठूस ठूसकर भरा था उन पशुओं की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी गईं थी। बाहन में भरे हुए सभी पशु घायल अवस्था में पाए गये। जिन्हे देखकर बजरंगदल कार्यकर्ताओ का गुस्सा फूट पड़ा। हालांकि मौके पर ही मौजूद बड़ागांव पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए उक्त वाहन को जप्त किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि इसी बीच एक आरोपी कट्टा लिए हुए फरार हो गया।

उक्त वाहन को बड़ागांव थाना क्षेत्र के अमरपुर वेयर हाउस के समीप पकड़ा गया। उक्त कार्यवाही में बजरंगदल कार्यकर्ताओ में राम जी असाटी, अमर सिंह लोधी, सुनील रैकवार शामिल रहे। इन तीनों ने अपने वाहन से पिकअप वाहन का पीछा करकें अमरपुर गांव के पहले वेयर हाउस के पास पकड़ा है। बड़ागांव पुलिस ने जिन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया उनमे मुकीम बैग एबं नसीम कुरेशी के नाम शामिल है। जप्त किये गये पिकअप वाहन का क्रमांक यूपी 94 ईटी 2469 बताया जा रहा है। बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने बताया कि पशु तस्कर कई सालों से बड़ागांव क्षेत्र में सक्रिय होकर पशु तस्करी कर रहे हैं। बड़ागांव पुलिस ने कई बार इन तस्करो के बिरुद्ध कार्यवाही भी की लेकिन फिर भी पशु तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही।

### युवती लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मोहल्ले से एक 19 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री 19 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी की रात करीब 9 बजे से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास व रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की गई, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। युवती घर पर अपना मोबाइल फोन छोड़कर गई थी। काफी प्रयासों के बाद भी जानकारी न मिलने पर पिता ने 14 फरवरी को कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## जांच व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हुआ साजिश का पर्दाफाश

# प्रेमी को घर बुलाकर कराई पति की सिर फोड़कर हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गत दिवस रविवार की सुबह पुरानी टेहरी में हुई हत्या का पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन और एसडीओपी राहुल कटरे के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी रवि भूषण पाठक व पुलिस टीम ने 24 घंटे में खुलासा कर साजिश का पर्दाफाश कर दिया। उक्त हत्या मामले में पाया गया कि पत्नी ने ही अपने प्रेमी को घर बुलाकर अपने पति की हत्या कराई थी। और फिर इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास करते हुए पुलिस को बताया था कि मृतक ने पत्थर पर सिर मार मारकर आत्महत्या की है। लेकिन पुलिस की रणनीति के सामने उक्त झूठ ज्यादा नहीं टिक पाया और उक्त हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी एवं सहयोगी आरोपी को गिरफ्त में ले लिया है।

उक्त हत्या की साजिश का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 14 फरवरी की सुबह थाना कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि पुरानी टेहरी में रामकिशोर रजक ने अपने घर में सिर पर पत्थर मारकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव घर पर खून से लथपथ पड़ा हुआ है। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली सहित पुलिस स्टाफ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना के संबंध में बारीकी से तस्दीक की गई। जिस पर मामला संदेहास्प्रद दिखते हुए हत्या किये जाने का लग रहा था। जिस पर थाना कोतवाली मे मामला कायम कर जांच प्रारंभ की गई। उक्त हत्या के खुलासे के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन लिया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में एसडीओपी राहुल कटरे एवं थाना कोतवाली प्रभारी रवि भूषण पाठक के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई। उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा घटना का बारीकी से निरीक्षण कर एफएल, साइबर सेल की सहायता से मिले सबूतो के आधार पर शंका की दृष्टि से मृतक रामकिशोर रजक की पत्नी से पूंछताछ की गईं। और फिर जानकारी लगने पर उसके प्रेमी को पुलिस अभीरक्षा में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। जिसके बाद पूछताछ के दौरान मृतक रामकिशोर की पत्नी व उसके प्रेमी ने हकीकत बयां करते हुए उक्त हत्या की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

जिसमें पाया गया कि मृतक रामकिशोर की पत्नी एवं उसके प्रेमी द्वारा अवैध संबंधों के चलते रामकिशोर की हत्या की गईं थी। आरोपियों ने स्वीकार करते हुए बताया कि घटना दिनांक मृतक रामकिशोर की पत्नी द्वारा अपने प्रेमी को रात्रि में अपने घर पर बुलाकर अपने पति रामकिशोर के सिर पर पत्थर से जानलेवा वार कराकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मृतक रामकिशोर रजक की पत्नी सीमा रजक उम्र 35 साल निवासी पुरानी टेहरी एबं सुनील चढार पिता परमानंद चढ़ार निवासी बुनकरयाना मुहल्ला पुरानी टेहरी को गिरफ्तार भी कर लिया है। उक्त कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक, उपनिरीक्षक राजवीर यादव, नौने सिंह, कविता द्विवेदी, प्रधान आरक्षक रतिराम, महिला आरक्षक अफरोज, आरक्षक गजेन्द्र, अर्जुन तोमर, आकाश पांडे, ऋषि राय, संजय, महिला आरक्षक कामिनी, सुधा, रामसखी, एनआरएस अजय की भूमिका सराहनीय रही।



# आत्मरक्षा प्रशिक्षण में बच्चों ने पुलिस सेवा में जाने की उत्सुकता व्यक्त की

## एसपी मंडलोई द्वारा जिले में चलाया जा रहा बालिकाओं की सुरक्षा का विशेष अभियान

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला स्तरीय सशक्तिकरण पहल के तहत जिले के वंचित क्षेत्र की बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, शिक्षा जागरूकता एवं गुड टच व बैड टच की महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस द्वारा शिविर लगवाकर दिलाई जा रही है। जिसके तहत 18 दिवसीय सृजन अभियान के अंतर्गत 80 बच्चों को आत्मविश्वास, सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरणा दी गईं।

प्रदेश के मुखिया मोहन यादव , एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, संवेदनशील पुलिसिंग तथा जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए दिए गए निर्देशों के तहत जिला पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी पहल की जा रही है। इसी क्रम में सागर आईजी डॉ. हिमानी खन्ना एवं छतरपुर डीआईजी विजय खत्री के मार्गदर्शन तथा एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिले के वंचित एवं पिछड़े क्षेत्रों में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान के तहत महिला सेल द्वारा टीकमगढ़ के कुचबंदिया मोहल्ला क्षेत्र में ग्रामीण स्वावलंबन समिति के समन्वय से 18 दिवसीय सृजन अभियान के अंतर्गत लगभग 80 चयनित बालक बालिकाओं को जूडो कराटे का आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, साहस एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना है, जिससे वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। उक्त कार्यक्रम के दौरान बच्चों से संवाद स्थापित कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने, शिक्षा के महत्व को समझने एवं अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को गुड टच-बैड टच की महत्वपूर्ण जानकारी संवेदनशील एवं सरल भाषा में दी गई तथा आपातकालीन स्थिति में उपयोग किए जाने वाले पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर कई बच्चों द्वारा भविष्य में पुलिस सेवा में शामिल होने की उत्सुकता व्यक्त की गई। महिला सेल टीम द्वारा उन्हें पुलिस सेवा में भर्ती की प्रक्रिया, आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं एवं शारीरिक मानकों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बच्चों के उत्साह एवं आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को सार्थक एवं प्रेरणादायक बना दिया। उक्त कार्यक्रम में महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक मानसी तिवारी, जूडो-कराटे प्रशिक्षक काजल रायकवार एवं आकांक्षा राजपूत तथा ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सदस्य करण, राजीव एवं अन्य सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर देरी चौकी में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

# धार्मिक आयोजनों में भी एसपी दिलवा रहे सशक्तिकरण संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सर्वांगीण उन्नयन करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बालिकाओं के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण संबंधी गतिविधियाँ संचालित करें। एसपी मंडलोई के उक्त निर्देशों का पालन करते हुए 15 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में चौकी देरी में एक संवेदनशील एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चौकी प्रभारी उप निरीक्षक चंदन शाक्य एवं चौकी की पुलिस टीम द्वारा किया गया।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में छोटी बच्चियों को अत्यंत सरल एवं सहज भाषा में व्यक्तिगत सुरक्षा के मूलभूत मानकों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की असहज परिस्थिति में किस प्रकार सजग रहना है तथा तत्काल सहायता कैसे प्राप्त करनी है। साथ ही बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्राथमिक गुर सिखाए गए, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने समझाया कि शिक्षा ही सशक्त भविष्य की आधारशिला है और प्रत्येक बालिका को अपने सपनों को साकार करने का पूर्ण अधिकार है। सकारात्मक एवं आत्मीय वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से खीर वितरित की गई, जिससे बालिकाओं में अपनत्व एवं विश्वास की भावना और सुदृढ़ हुई। पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के साथ संवेदना की प्रतिबद्धता के साथ बालिकाओं के सम्मान, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए जिला पुलिस निरंतर प्रयासरत है।



### खेत पर संदिग्ध हालत में शव मिलने से गांव में फैली सनसनी



**मोहनगढ़।** जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दरगायकलां के दुलाई खिरक पर सोमवार की सुबह खेत पर संदिग्ध हालत में व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। शव की पहचान 40 वर्षीय भागीरथ केवट के रूप में की गई। इस घटना की खबर फैलते ही गांव व क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि उक्त घटना की सूचना मोहनगढ़ पुलिस को सुबह 9 बजे दे दी गई थी, लेकिन इसके बाबजूद दोपहर तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। मृतक के परिजनों ने बताया है कि भागीरथ केवट बीती रविवार की रात को फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गए थे। आज सुबह जब उनका पुत्र सुनील केवट खेत पर पहुंचा तो खेत पर अपने पिता भागीरथ को मृत अवस्था में देखा। इस घटना को लेकर परिजन अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों ने बताया है कि मोहनगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बही दूसरी ओर मोहनगढ़ पुलिस ने बताया कि उक्त घटना की जांच के बाद ही कुछ बताया जा सकेगा।

## पुराने भवन में अब आर्थो और सर्जिकल के बनेंगे पर्चे और होगा इलाज

# अब नवीन भवन में बनेगा बाह्य रोगी पर्चा व संचालित होगी ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला अस्पताल इलाज के लिए जाने वाले बाह्य रोगी मरीजों को पर्चा बनवाने और डॉक्टर से चेकअप कराने के लिए लाइन में लगना पड़ता था और इंतजार करना पड़ता था क्योंकि बीच बीच में सीरियस मरीज आ जाने पर डॉक्टर द्वारा सीरियस मरीज को देखना पड़ता था। हालांकि बाह्य रोगी मरीजों के लिए नया ओपीडी भवन बनकर तैयार हो चुका था लेकिन यह भवन उद्घाटन के इंतजार में उपयोग में नहीं लाया जा रहा था। इसी समस्या का समाधान करते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पहल करते हुए नवीन ओपीडी भवन को प्रारंभ कराने के लिए प्रयास शुरु किए। जिसके परिणामस्वरूप सोमवार को केंद्रीय मंत्री व अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भवन का उद्घाटन कर नवीन भवन में ओपीडी व पर्चा बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। नवीन ओपीडी भवन में बाह्य रोगी मरीजों का पर्चा बनाया जाएगा और ओपीडी संचालित की जाएगी। जिनमे मेडीसन, नाक, कान, गला, दंत व त्वचा संबंधी रोगों के मरीज शामिल है। जबकि ट्रामा सेंटर में आर्थो एबं सर्जिकल मरीजों का पर्चा बनाने एबं ओपीडी संचालित करने की व्यवस्था की गईं है।





**बाह्य रोगी विभाग नवीन ओपीडी भवन का केंद्रीय मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ-** केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने जिला चिकित्सालय के प्राइवेट वार्ड में नवीन ओपीडी बाह्य रोगी विभाग का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के विभिन्न विभागों, जांच केंद्रों और उपलब्ध जनसुविधाओं का गहन अवलोकन किया। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने जनप्रतिनिधियों तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के साथ विधि-विधान से पूजन कर नवीन ओपीडी का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने ओपीडी में आधुनिक मशीनों, डॉक्टर कक्ष का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, स्वप्निल तिवारी, ब्रजकिशोर तिवारी, अरविंद खटीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, सहायक प्रबंधक जिला चिकित्सालय डॉ. अंकुर साहू सहित डॉक्टर तथा चिकित्सालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

**गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं कराई जाएं मरीजों को उपलब्ध-** केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जिला स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे आम नागरिकों को बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े। इसी क्रम में आज जिला चिकित्सालय स्थित प्राइवेट वार्ड में ओपीडी शुरू होने से मरीजों को बेहतर सुविधा, कम प्रतीक्षा समय और सुचारु इलाज मिल सकेगा। नवीन ओपीडी के प्रारंभ होने से पुरानी ओपीडी पर कम भार पड़ेगा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जिन रोगों के इलाज के लिये नवीन ओपीडी प्रारंभ की गई उनकी मेडिसन के लिये वितरण केन्द्र भी स्थापित किया जाये, जिससे मरीजों को इलाज के साथ दवाईयां भी एक साथ मिलने से उन्हें दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा।

**आने वाले मरीजों के लिए जानकारी देकर सिविल सर्जन ने किया जागरूक-** जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला ने बताया कि नवीन ओपीडी भवन में मेडीसन, नाक, कान, गला, दंत एवं त्वचा संबंधी रोगों की ओपीडी प्रारंभ की गई है। जबकि पूर्व की भांति ओर्थो एवं सर्जिकल ओपीडी पुराने ट्रामा भवन में ही संचालित रहेगी। उन्होंने बताया कि नवीन भवन में मरीजों के लिए पर्चा बनवाने के लिए भी काउंटर की सुविधा की गई है।

## विधानसभा में प्रश्न लगने के बाद आनन फानन में हुई बैठक

# पार्षद ने की पीआईसी की अध्यक्षता दो दर्जन बिंदुओं पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत 4 माह से ठप पड़ी नगर पालिका परिषद की कार्रवाई विगत दिनों पीआईसी की बैठक आयोजित होने से संचालित होती दिखी। हाई कोर्ट के निर्देश पर पॉवर विहीन हो चुकी नपाध्यक्ष रेनू राठौर के स्थान पर बैठक वार्ड नं 23 की पार्षद कलावती गौतम की अध्यक्षता में गुपचुप कराई गई। इस बैठक में दो दर्जन के करीब विकास कार्यों एवं कर्मचारियों से जुड़े प्रकरण पर सहमति दी गई। यह बैठक विधायक बाबू जंडेल द्वारा विधानसभा में प्रश्न लगाए जाने को ध्यान में रखते हुए आयोजित करना बताई जा रही है।

हाई कोर्ट में चल रहे एक प्रकरण की सुनवाई पूरी होने तक नपाध्यक्ष को कोर्ट के निर्देश पर पावर विहीन घोषित किया गया है। जिसके चलते वह ना तो परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर सकती हैं और ना ही अध्यक्ष के लिए किचन कैबिनेट माने जाने वाली पीआईसी की बैठक अपनी अध्यक्षता में आयोजित कर सकती है। जिसके चलते लंबे समय से परिषद और पीआईसी की बैठक नहीं होने के कारण विपक्ष ने इसकी शिकायत कलेक्टर सहित सरकार और आला अधिकारियों से की थी सुनवाई नहीं होने पर विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा में प्रश्न लगाकर जानकारी मांगी थी। चूंकि जनता द्वारा चुनी हुई परिषद को जनहित के कामों को लेकर हर दो माह में कम से कम एक बार बैठक आयोजित किया जाना जरूरी है इस लिहाज से विधानसभा में जवाब देने के साथ-साथ विगत 13 फरवरी को गुपचुप पीआईसी की बैठक आयोजित कर विधानसभा में जानकारी भी भेज दी गई। अब बैठक कब और कहां हुई यह तो पता नहीं चला पर विधानसभा में जो जानकारी भेजी गई है वहां से पता चला है कि 24 बिंदुओं पर पीआईसी बैठक कराई गई थी और इस बैठक में 7 में से 6 पार्षद शामिल हुए थे जिन्होंने 24 विकास कार्यों के एजेंडे पर सहमति दी। पीआईसी की बैठक में जो पार्षद शामिल हुए उनमें बैठक की अध्यक्षता करने वाली पार्षद कलावती गौतम के अलावा खालिद फारूकी, वंदना विकास अग्रवाल, विष्णु पाराशर, जुगल मेहरा, राधा ओपी सिकरवार, भूपेंद्र गर्ग के नाम शामिल बताए गए हैं।




### इन मुख्य बिंदुओं पर बनी सहमति

- —सभी वार्डों में जोनल वर्क की सहमति।
- —प्राची गुप्ता, सहायक ग्रेड-3, के मातृत्व अवकाश की स्वीकृती
- —विकास डंडोतिया, सहायक ग्रेड-3, की 01.08.2025 से चिकित्सा अवकाश स्वीकृति।
- —आदित्य चौहान, कार्यवाहक, की 01.09.2025 से अर्जित अवकाश की स्वीकृति।
- —निकाय में पूर्व से कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों को बनाए रखने की स्वीकृति
- —अमृत योजना के अंतर्गत हरित क्षेत्र पार्क के कार्यों की मंजूरी।

### योजना बनाकर बैठे पर एक बिंदु पर उलझे

सूत्रों की माने तो बैठक का एजेंडा पीआईसी सदस्यों से पूछ कर तैयार किया गया था और उक्त एजेंडे को सहमति देकर विधानसभा की जानकारी में शामिल करना था और हुआ भी ऐसा ही गुपचुप हुई बैठक में बिना बहस के एजेंडे पर सहमति भी सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर कर दे दी लेकिन बाद में एजेंडे में शामिल बिंदुओं को पढ़ने के बाद एक बिंदु पर पार्षद खालिद फारूकी ने विरोध दर्ज कराते हुए बोल दिया कि एजेंडे को तभी सहमति दी जाएगी जब सीएमओ द्वारा निलंबित किए गए कर्मचारी खालिद कुरैशी वाले बिंदु को हटाया जाएगा। जबकि कर्मचारी को निलंबित करने वाले पार्षद जुगल मेहरा सहमति पर अड़ गए। इसको लेकर पीसीसी दो भागों में बट गई। फिलहाल सीएमओ आरआर यादव ने उक्त बिंदु को स्थगित करते हुए बाद में विचार के लिए रखने की बात कही पर कर्मचारी खालिद कुरैशी को निलंबित करने की पुष्टि ना ही परिषद ने की है न ही पीआईसी ने जिसके चलते उनका निलंबन अवैध माना जाएगा। अगर वह अदालत चले गए तो मामला उल्टा भी पड़ सकता है।

## मप्र के श्योपुर जिले को राजस्थान के बारां जिले से जोड़ता है यह पुल

# पार्वती नदी पर बने सूरथाग पुल की टूटी रैलिंग से हादसे का खतरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पार्वती नदी पर कुहांजापुर गांव के पास बने सूरथाग पुल की काफी दिनों से टूटी पडी रैलिंग और पुल के उखडे ज्वाइंट हादसो को जन्म दे रहे है। खास बात यह है कि इस पुल से श्योपुर बारां स्टेट हाइवे गुजरा है और पुल श्योपुर जिले को राजस्थान के बारां और झालावाड जिले से सीधे जोडता है। इसके बाद भी इस पुल के रखरखाव के प्रति विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता कई तरह के सवालों को जन्म दे रहे है।

बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम बेहडावदा निवासी गिरिजाशंकर मीणा सहित अन्य कई क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पार्वती नदी पर बना सूरथाग पुल श्योपुर जिले की बडौदा तहसील के गावों को सीधे राजस्थान के बांरा, मांगरोल आदि कस्बों से जोडता है और बडौदा तहसील क्षेत्र के लोगों को हर जरूरी काम के लिए बारां और मांगरोल जाना पडता है। इसलिए यह पुल बडौदा तहसील क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत जरूरी है। मगर इसके बाद भी पुल की रैलिंग जहां उखडी पडी हुई है। वहीं पुल के ज्वॉइंट भी उखडे पडे हुए है। जिसकारण वाहनों का इस पुल से होकर गुजरना कष्टदायिक साबित हो रहा है। वहीं रैलिंग न होने से हादसे का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुल की जल्द ही मरम्मत होनी चाहिए। पुल की मरम्मत में हो रही देरी इस पुल के लिए खतरा बनती जा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने शासन-प्रशासन से इस पुल की जल्द मरम्मत करवाए जाने की मांग की है।

### टेंडर लगा दिए

पार्वती नदी पर बने सूरथाग पुल की मरम्मत करवाई जाएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया सम्पन्न कराई जा रही है। जैसे ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होगी,वैसे ही मरम्मत का काम शुरू करा दिया जाएगा। वैसे पुल के ज्वॉइंट भरवा दिए गए है।

भुवाना जोशी
एसडीओ, सेतु निर्माण विभाग
ग्वालियर

## कलेक्टर ने दिए भूमि चयन करने के निर्देश

# श्योपुर जिले में सांदीपनि स्कूलों के लिए बनेंगे 28 करोड़ के 8 हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में तीनो सांदीपनि स्कूलों के लिए 8 हॉस्टल बनाए जाएंगे। इन 8 हॉस्टलो के निर्माण के लिए शासन की ओर से लिए 28 करोड 60 लाख रूपये की मंजूरी दी गई है। जिसके लिए पीआईयू क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त की गई है। सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिए कि हॉस्टल के लिए संबंधित विभागों द्वारा भूमि का चयन कर डिमांड उपलब्ध कराई जायें, जिससे हॉस्टल निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया जा सकें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणो में संपादित होगा, प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना के लिए तहसीलवार एवं निकायवार चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिये गये है। जनगणना के लिए नियुक्त किये गये सभी अधिकारियों का प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाये और विस्तारपूर्वक जनगणना के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायें। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम चरण में किये जाने वाले कार्यो पर जानकारी प्रदान की जायें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों के संबंध में इस वर्ष की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी प्रदाय की जायें। इसके आधार पर आगामी समय में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। उन्होंने लोक सेवा के प्रकरण समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत कलस्टर लेबल के शिविर का आयोजन शुरू हो गया है। अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर और पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।



### 100 और 50 सीटर बनेगे हॉस्टल

बैठक में पीआईयू द्वारा अवगत कराया गया कि सांदीपनि स्कूलों के लिए 100 एवं 50 सीटर हॉस्टल का निर्माण कराया जायेगा, 100 सीटर के लिए लगभग 4 करोड रूपये तथा 50 सीटर के लिए लगभग 2.30 करोड रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। सांदीपनि स्कूल श्योपुर एवं विजयपुर में 100-100 सीटर के दो-दो कुल 4 हॉस्टल निर्मित होगे, इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के सांदीपनि स्कूल पहेला में 100 सीटर के दो एवं 50 सीटर के दो हॉस्टल का निर्माण होगा।

# शिव बारात में हर्ष फायर करने वाले श्योपुर विधायक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने श्योपुर विधायक बाबू जंडेल के खिलाफ हर्ष फायर करने का मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम मूंडला में शिव बाराज का आयोजन किया था। इस शिव बाराज में श्योपुर विधायक बाबू जंडेल भी शामिल हुए। जब गाजेबाजे के साथ शिव बाराज निकल रही थी,तभी घोडी पर सवार होकर चल रहे विधायक बाबू जंडेल ने हर्ष फायर कर दिए। घोडी पर सवार विधायक जंडेल के हर्ष फायर करने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बडौदा टीआई सतीश सिंह चौहान ने बताया कि हर्ष फायर किए जाने से शिव बारात में चल रहे लोगों का जीवन संकट पड गया। इसलिए इस मामले में गांव के कोटवार की रिपोर्ट पर इस मामले में कार्रवाई करते हुए विधायक बाबू जंडेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अक्षय तृतीया, देवउठनी ग्यारस व बंसत पंचमी पर होंगे विवाह सम्मेलन

**श्योपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से वार्षिक चक्रीय क्रम में सामुहिक विवाहों के आयोजन के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग शशिकिरण इक्का ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को समस्त निकायों अर्थात सभी जनपद पंचायतो एवं नगरपालिकाओं द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) के अवसर पर 20 नवंबर 2026 तथा बंसत पंचमी के अवसर पर 11 फरवरी 2027 को सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे।उक्त तिथियों में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभिभावक अपने आवेदन संबंधित निकायों में जमा करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित सामाजिक न्याय विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# पटवारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पटवारियों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला पटवारी संघ ने सोमवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपा जिसमें पटवारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में 6 साल बाद भी नहीं मिला 2020 में स्वामित्व योजना से जुड़ा मानदेय दिलाए जाने, वर्ष 2025 में हुई अतिवर्षा में प्रभावित धान की फसल का मुआवजा ट्रांजेक्सन फेल हो जाने से जिन किसानों के खातों में नहीं पहुंचा है उन्हें दिलाया जाने,तकनीकी समस्या के चलते पूरी नहीं होने वाले गिरदावरी कार्य को अनावश्यक रूप से पूरा कराने के लिए दवाब न डाले जाने तथा फार्मर रजिस्ट्री के बकेटिंग कार्य में संबधित किसान की फार्मर रजिस्ट्री का अप्रूवल किया जाना आवश्यक है, लापरवाही से किसान को खाद न मिल पाने जैसी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे अधिकारी स्तर पर लंबित समस्त फार्मर रजिस्ट्री आई. डी. का निराकरण शीघ्र किया जाये जिससे पटवारी के उपर से इसका अनावश्यक दबाव कम हो सके। आदि मांगे प्राथमिकता से अंकित की गई है।

# शिवपुरी में वकील की हत्या के विरोध में अभिभाषक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शिवपुरी जिले में वकील संजय कुमार सक्सेना की हुई दिनदहाड़े हत्या के विरोध में जिला अभिभाषक संघ ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

अभिभाषक संघ के जिला अध्यक्ष ललित मुदगल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में इस बात पर चिंता जताई गई कि प्रदेश में गुंडे बदमाश खुले आम घूम रहे हैं। पुलिस की अकर्मण्यता के चलते अब तो वकील भी सुरक्षित नहीं रहे हैं शिवपुरी जिले की घटना इसकी बानगी है। राज्यपाल से वकीलों को पूर्ण सुरक्षा दिलाने की मांग करते हुए ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि वकीलों का पैशा ऐसा है जिसमें वह कई दुर्दांत अपराधियों को सजा दिलाकर न्याय की रक्षा करते हैं ऐसी स्थिति में अपराधियों द्वारा वकीलों पर हमले किए जाएंगे तो फिर पीड़ितों के लिए न्यायालय में पैरवी कौन करेगा। वकीलों को पूर्ण रूप से सुरक्षा प्रदान की जाए इसके लिए कठोर कानून बनाया जाना जरूरी है।

## सात आरोपियों में से तीन ने अंजाम दी वारदात, तीन बने सहयोगी, एक ने खरीदा माल

# खुलासा: विजयपुर में ग्वालियर की गैंग ने चटकाए थे ताले, पुलिस ने दबोचे सात आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

आए दिन हो रही चोरी की वारदातों से हलाकान बनी श्योपुर पुलिस ने तब राहत की सांस ली,जब विजयपुर कस्बे की बजरंगकॉलोनी में दो घरों में हुई चोरियों को विजयपुर थाना पुलिस ने ट्रेस करते हुए सात आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस के हत्थे चढी यह गैंग ग्वालियर की शातिर गैंग है। विशेष बात यह है कि जिन सात आरोपियों को दबोचकर चोरी का माल बरामद किया है,उनमें तीन चोर तो मुख्य आरोपी है,जिन्होंने ताले चटकाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं तीन आरोपी उनके सहयोगी बने। जबकि सातवा आरोपी चोरी के माल को खरीदने वाला खरीददार है। जिसने बहुत कम कीमत पर एक किलो चांदी खरीदी थी।

सोमवार को पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित प्रेसवार्ता में इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि 8-9 फरवरी की रात को विजयपुर की बजरंगकॉलोनी में बिंदुसार पुत्र शिवेन्द्र सिंह जादौन और भावना जादौन पत्नी स्व गणेश जादौन के घर में हुई चोरी की वारदात का सीसीटीवी फुटेज, साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से खुलासा करते हुए सात आरोपियों को दबोच लिया है। जिनमें मोहन उर्फ करूआ पुत्र बलवीर जाटव, राहुल उर्फ हड्डी पुत्र मेवाराम जाटव, दीपक पुत्र बलराम जाटव, रूप सिंह पुत्र लक्ष्मीनारायण जाटव, अजय पुत्र सुनील राजौरिया, बॉबी पुत्र किशोर जाटव, रविन्द्र उर्फ किट्टा पुत्र किशनलाल जाटव सभी निवासी ग्वालियर शामिल है। इनके कब्जे से चोरी में गए सोने चांदी के माल और नगदी समेत 7 लाख 45 हजार रूपए की राशि तथा वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक और स्कूटी को जब्त कर लिया है। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर,एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर, रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा आदि पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



### सोलर प्लेट लगाने के बहाने रैकी कर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की पूछताछ में चोर गैंग के सदस्यों ने कबूल किया है कि हमारी गैंग चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले गैंग के कुछ सदस्यों को पहले वहां काम के बहाने भेजती है फिर रैकी करके चोरी की घटना को अंजाम देती है। विजयपुर में हुई चोरी इसी स्टाइल में अंजाम दी गई है। क्योंकि तीन आरोपी दीपक जाटव, रूप सिंह और अजय राजौरिया ने विजयपुर में सोलर प्लेट लगाने का काम करने के आए थे,जिन्होने मौका देखकर अपने दोस्तो राहुल उर्फ हड्डी,मोहन उर्फ करूआ को विजयपुर बुलवा लिया और फिर बजरंगकॉलोनी में दिन में दो बार और रात में एक बार सूने दिखे उक्त दोनों मकानों की रैकी करने के बाद अगली रात में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया और ग्वालियर भाग चोरी की रकम को आपस में बांट लिया।

### खरीददार बने रविन्द्र ने एक लाख में खरीदी एक किलो चांदी



पुलिस के मुताबिक दबोचे गए आरोपियों में शामिल रविन्द्र उर्फ किट्टा जाटव पुत्र किशनलाल जाटव चोरी के माल का खरीददार है। उसने एक किलो चांदी को सिर्फ एक लाख रूपए में खरीद लिया था,इसलिए उसे भी आरोपी बनाया गया। वैसे तो यह चोर गैंग बडी शातिर गैंग है,जिसके द्वारा कई जगह चोरी की वारदातो को अंजाम दिया है,लेकिन श्योपुर जिले में इस चोर गैंग की यह पहली चोरी की वारदात है। इस गैंग के शातिर चोर मोहन उर्फ करूआ जाटव के खिलाफ 27 अपराध, राहुल के खिलाफ 15 तथा बॉबी के खिलाफ 3 अपराध दर्ज है,जिनमें सबसे ज्यादा अपराध चोरी के ही है। गैंग के सारे सदस्य आपस में रिश्तेदार और दोस्त है। इस खुलासे में विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर, निरीक्षक संदीप शर्मा, एएसआई रूप सिंह मांझी, प्रआ मनोज सिकरवार, आरक्षक रामबृज गुर्जर, प्रमोद, बर्षाने पांडे,हुकुम सिंह,ज्योति गोयल, राज बल्लभ यादव, योगेश शर्मा की अहम भूमिका रही है।

# कलेक्टर से मिला मीणा समाज का प्रतिनिधि मंडल, सीसी रोड निर्माण करवाने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

क्षेत्रीय मीणा समाज श्योपुर के एक प्रतिनिधी मंडल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा से मुलाकात की और उन्हें सीसी रोड निर्माण कराए जाने संबंधी एक ज्ञापन भी सौंपा। क्षेत्रीय मीणा समाज श्योपुर के अध्यक्ष हंसराज मीणा के नेतृत्व में सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चंबल नहर पाली रोड सलापुरा से मीणा समाज छात्रावास तक करीब 600 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया जाना बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि वर्तमान में यह मार्ग कच्चा है। जिसकारण इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों सहित मीणा छात्रावास में पहुंचने वाले लोगो को खासी कठिनाईयां उठानी पड रही है। ज्ञापन में जनहित में उक्त मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण करवाए जाने का अनुरोध किया है। ताकि सडक मार्ग संबंधी परेशानी का निराकरण हो सके।

## अब मंदिरों की भूमि संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

श्योपुर जिले में मंदिरों की भूमि से संबंधित जानकारी अब आमजन के लिए ऑनलाइन उपलब्ध है। ई-दक्ष केन्द्र प्रशिक्षक दीपक कुशवाह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई वेबसाइट sheopur.nic.in पर जाकर कोई भी नागरिक मंदिर की भूमि किसके नाम दर्ज है, इसकी जानकारी देख सकता है। वेबसाइट की प्रमुख विशेषताएं- मंदिरों की भूमि का रिकॉर्ड सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा, "Raise Objection" विकल्प के माध्यम से आपत्ति दर्ज करने की सुविधा, नागरिक सीधे अपनी आपत्ति या सुझाव ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते है।

यह पहल प्रशासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनभागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदर्शन की सूचना पर छोटी बजरिया पुलिस पहुंची पीजी कॉलेज

# अभाविप ने पीजी कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर ताला बंदी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पीजी कॉलेज में विभिन्न समस्याओं को लेकर ताला बंदी कर प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पिछले दिनों पीजी कॉलेज में विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रभारी प्राचार्य एमएल सोनी को ज्ञापन सौंपकर 7 दिन के अंदर समस्याओं को हल करने का समय दिया था। लेकिन सात दिन के बाद भी समस्याएं जस की तस होने के कारण सोमवार कार्यकर्ताओं ने वहीं प्रदर्शन की सूचना लगते ही की छोटी बजरिया चौकी प्रभारी आरके जोरम सहित पुलिस बल कॉलेज पहुंचा और छात्र-छात्राओं को समझाइए दी। बाद में प्रभारी प्राचार्य के द्वारा आश्वासन देने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। जानकारी अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीना भाग संयोजक मयंक कश्यप के नेतृत्व में कॉलेज परिसर के गेट पर ताला लगा दिया और जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि कॉलेज परिसर में न तो छात्र-छात्राओं को पीने के लिए स्वच्छ जल मिल रहा है और न ही परिसर में साफ सफाई रहती है। समय पर प्राध्यापक द्वारा छात्र-छात्राओं को पढ़ाया भी नहीं जाता है। कॉलेज प्रबंधन की तानाशाही प्रवृत्ति के चलते मजबूर होकर हम लोगों को ताला डालने के लिए बाध्य होना पड़ा। छात्रों ने पहले ताला डाल दिया था। लेकिन दोपहर में परीक्षा होने से ताला खोलना पड़ा।



### जमकर की नारेबाजी

कॉलेज प्रबंधन उस समय जागा जब छात्र-छात्राओं द्वारा गेट पर ताला लगा दिया तब कहीं जाकर कॉलेज प्रबंधन को होश आया और तत्काल पानी की टंकी साफ होने लगी तो कहीं झाड़ू पोछा शुरू हो गया। प्रभारी प्राचार्य एमएल सोनी ने बताया कि विद्यार्थियों की कुछ समस्याओं को हल कर दिया गया है। वहीं कुछ समस्याओं को शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया है, जिन्हें जल्द ही हल कर ली जाएंगी। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीना भाग संयोजक मयंक कश्यप, अंकित कुर्मी, पुनीत शाह, अभिषेक राय, रविंद्र ठाकुर, जतिन, कृष्णकांत, हर्ष साहू, ललित पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद



खंड स्तरीय बैठक का आयोजन

## तीन किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र दिए गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विकासखंड में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में धरती माता बचाओ अभियान के तहत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने जैविक प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, प्रति बूंद अधिक फसल, ई उर्वरक टोकन प्रणाली आदि के बारे में कृषकों को जानकारी दी। जनपद अध्यक्ष उषा राय एवं उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी ने कृषक पुष्पेंद्र दुबे हड़कल खाती, अनिकेत ठाकुर को सुपर सीडर तथा कपिल लोधी गोदना को स्ट्रा रैपर मशीन अनुदान पर दी गई। राजेश त्रिपाठी, जयदत्त शर्मा, सौरभ आचवल द्वारा उक्त विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि अभिनंदन, उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, तहसीलदार अम्बर पंथी, सहायक संचालक कृषि जय दत्त शर्मा, अंकित रावत, अनिल राय, सीताराम ठाकुर, प्रतिपाल सिंह, सत्यजीत सिंह ठाकुर, वासु यादव, निमिष अग्रवाल, गोविंद ठाकुर हिन्नौद तथा कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी दीपेश मोघे, अभिषेक कौशिक, अजहर उद्दीन, प्रताप बागरी, सचिन चतुर्वेदी, राममिलन, एफपीओ से राज चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अवधेश राय के द्वारा किया गया।

### महावीर दिगंबर जैन मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया

अशोकनगर। श्री कुंद कुंद दिगबर जैन स्वाध्याय मंदिर की 29वी वर्षगाठ का आयोजन भक्ति भाव से किया गया। समारोह के अंतिम दिन सुबह 9 बजे विधान के समापन के पश्चात भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकली। जगह जगह भगवान की आरती की गई और श्रीफल भेंट किए गए।

## छोटी बजरिया जैन मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक मनाया गया

बीना। छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्षकल्याणक महोत्सव श्रद्धा एवं धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन आचार्य श्री 108 समयसागर महाराज के पावन आशीर्वाद एवं मुनि श्री 108 सरलसागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। प्रातःकाल अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात मोक्षकल्याणक पर लाडू चढ़ाने का विधान विधिवत सम्पन्न हुआ। धर्मसभा में प्रवचन के दौरान मुनिसुव्रतनाथ भगवान के जीवन, संयम, तप एवं मोक्षमार्ग पर संक्षिप्त एवं प्रेरक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में पुण्यार्जक परिवार मुन्नालाल जैन चंदू, इंदु जैन रहे। आरके जैन ने बताया महोत्सव में बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम भक्ति, शांति एवं धार्मिक वातावरण में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ।कार्यक्रम में राजेश सिंघई, राकेश सिंघई, विपिन, डॉ महेंद्र, विजय जैन, रमेश चंद्र जैन, मनीष जैन, संजय, अजय, प्रदीप, सुनील, सम्यक एवं महिला मंडल उपस्थित रहा।



गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव रहित जीवन शैली का मार्गदर्शन दिया

## भौतिकतावादी जीवन शैली में विद्यार्थी भटक रहा: डॉ रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण की पहल के अंतर्गत माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में काउंसलर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव रहित जीवन शैली के लिए मार्गदर्शित किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने मध्य प्रदेश शासन की मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण पहल को विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि आज की भौतिकतावादी जीवन शैली में विद्यार्थी भटक रहा है एवं तनावपूर्ण जीवन से प्रभावित होकर गलत दिशा की ओर अग्रसर हो रहा है। कॉलेज द्यार्थियों के हित में कार्य कर रहा है। नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि शासन की मंशा अनुसार कॉलेज में शिक्षक काउंसलर को नियुक्त कर विद्यार्थी आवंटित किए गए हैं तथा विद्यार्थी अपने शिक्षक अभिभावक से निरंतर संपर्क में रहकर मार्गदर्शित हो रहे हैं। माह फरवरी में शासन की मंशा अनुसार उमंग हेल्पलाइन नंबर, आंतरिक शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ ,उत्पीड़न एवं रैगिंग विहीन प्रकोष्ठ, समान अवसर प्रकोष्ठ को कॉलेज परिसर में प्रचार प्रचार हेतु लगाया गया है।

फरवरी में समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को डिप्रेशन, तनाव रहित जीवन शैली, अनुशासन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, लक्ष्य का निर्धारण, भ्रामक गतिविधियों से दूरी, तकनीकी का सही प्रयोग, आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार ,मोबाइल की लत से मुक्ति, परीक्षा तनाव से मुक्ति, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अच्छी पुस्तकों का अध्ययन, स्वच्छता को अपनाना और महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिए। कॉलेज के नियुक्त शिक्षक काउंसलर प्रकाश चंद, मृणालिनी मिश्रा, सत्यम सिंह कुर्मी, डॉ हरिशंकर सेन, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर विशाल मिश्रा, डॉक्टर निशि भदोरिया, डॉक्टर आशीष गुप्ता, यशवंत शर्मा, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, अरुण उपाध्याय, राजीव लोधी, मनीता राजपूत, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, डॉक्टर कृतिका रत्नाकर, नम्रता गर्ग, शोधार्थी शुभम राठौर ,ज्योति राठौर ने विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिए।



अधिवक्ता संघ ने मनाया प्रतिवाद दिवस, ज्ञापन सौंपा

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू किए जाने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय अधिवक्ता संघ ने सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाते हुए न्यायालय कार्य को बंद रखा और नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कई वर्षों से देश एवं प्रदेश के अधिवक्तागणो द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग शासन से निरंतर की जा रही है। परंतु अभी तक उक्त एक्ट लागू नही किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप देश एवं प्रदेश में निरंतर अधिवक्ताओं पर होने वाले हमलों की संख्या दिन-प्रतिदिन बड रही है। जिससे समस्त अधिवक्ता विधि व्यवसाय के दौरान अपने कर्तव्य के पालन में कार्य करने में काफी असहज एवं असुरक्षित महसूस कर रहे है।

हाल ही में 14 फरवरी को अधिवक्ता संघ करेरा जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना जो यूनिफॉर्म पहनकर बाइक से कोर्ट जा रहे थे उसी समय उनकी गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है। जो कि काफी निदनीय घटना है और उक्त घटना से संपूर्ण प्रदेश के अधिवक्ता समुदाय में भय, आकोश एवं रोष व्याप्त है। मप्र का अधिवक्ता अपने आपको असहाय महसूस कर रहा है। जो अंत्यत चिंता का विषय है। मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए शासन से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग करती रही है। परंतु इस संबंध में अभी तक कोई प्रयास शासन द्वारा नहीं किया गया है। जिसके परिणाम स्परूप अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे है। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रविंद्र जैन, सचिव राहुल माथुर, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सूरज सिह, सौरव बैरागी, दीपक जैन कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता फूलचंद जैन, केके ताम्रकार, अशोक जैन, वीरेंद्र प्रजापति, मनीष दीक्षित, राजकमल सोनी, अनिल शर्मा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, उमेश तिवारी, महेंद्र सिंह रघुवंशी, सुरेंद्र सोनी, अशोक दुबे, प्रदीप सिंघई, प्रशांत सिंघई, अल्ताफुद्दीन, अदिति तिवारी, अभिषेक राय, अरविंद जैन, फूल सिंह, रामराज सिंह, राजाराम अहिरवार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## श्रीमद भागवत गीता स्वाध्याय समिति ने कराया गरीब आदिवासी कन्या का विवाह

पिपरई। कस्बे के समीपस्थ ग्राम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बक्सनपुर आरोली में श्री युगल सरकार श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा एक गरीब आदिवासी कन्या का विवाह समिति के सहयोग से संपन्न कराया गया। पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला। समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता अखंड पाठ का आयोजन भी किया गया। विवाह समारोह में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कन्या को विवाह की सामग्री प्रदान की गई।



## सब स्टेशन भूमिपूजन के बाद छोटू भैया नेता लगे भूमि बदलवाने

अशोकनगर। अक्टूबर माह 2025 में चंदेरी कस्ब के अंदर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा फतेहाबाद में 11 केव्ही विद्युत सब स्टेशन बनाने के लिए भूमि पूजन कराया था और उन्होंने राजस्व विभाग के माध्यम से जगह चिन्हित की थी लेकिन अब उस जगह को बदलवाने के लिए भाजपा के कुछ स्थानीय नेता पीछे लग गए हुए हैं और वह निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे हैं। जो जानकारी सूत्रों क माध्यम से सामने आ रही है उसमें विधायक प्रतिनिधि द्वारा राजस्व विभाग और विद्युत विभाग पर दबाव बनाया जा रहा है और कार्य होने से रुकवाया जा रहा है जबकि इसको लेकर हमने विद्युत विभाग की अधिकारी से बात की तो उनका कहना था कि हमें अभी तक राजस्व विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से कब्जा नहीं दिलाया गया है



जबकि इसको लेकर तहसीलदार दिलीप दरोगा से बात की गई तो दिलीप दरोगा का कहना था कि हमने सीमांकन कर कर जगह विद्युत विभाग के अधिकारी को हैंडोवर कर दी है और उन्हें कब्जा दे दिया है। जिसके कब्जा लेते समय के उनके अधिकारी के हस्ताक्षर हमारे पास हैं। देखा जाए तो केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अक्टूबर माह में चंदेरी क्षेत्र के फतेहाबाद स्कूल के पीछे सब स्टेशन बने के लिए जगह चिन्हित की थी जिससे कि क्षेत्र में विद्युत समस्या से लोगों को परेशानी न हो सके और विद्युत सब स्टेशन बनाया जा सके लेकिन अब उनके ही अधीनस्थ नेता सिंधिया के आदेश की अवहेलना करते हुए नजर आ रहे हैं जिस कारण से सब स्टेशन नहीं बन पा रहा है।


चंदेरी पुलिस को अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली

# 5 देसी कट्टे व 3 जिंदा कारतूस सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत कुमार यादव द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये 05 अवैध देशी कट्टे एवं 03 जिंदा कारतूस सहित तीन आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी को थाना चन्देरी अंतर्गत अवैध हथियार की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के निर्देशन में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कलारी दुकान के पीछे, चंदेरी पर दविश दी गई, मौके पर पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर के 02 देसी कट्टे एवं 01 जिंदा कारतूस जप्त किए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सत्येन्द्र सिंह बुन्देला पिता रघुराज सिंह, उम्र 22 वर्ष, निवासी लिधौरा हाल बायपास चंदेरी जिला अशोकनगर बताया। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर सहआरोपी बफाती खान पिता सब्बू खान, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम बारी के कब्जे से 315 बोर का 01 देसी कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त पुनः प्राप्त मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पिछोर रोड सिंहपुर महल मार्ग पर दबिश दी गई, जहां से आरोपी गब्बर परमार पिता रघुराज सिंह परमार, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम हरथौन थाना मायापुर जिला शिवपुरी के कब्जे से 315 बोर के 02 देसी कट्टे एवं 01 जिन्दा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामद 05 देसी कट्टों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 52,000 आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना चंदेरी में धारा 25/27 आम्र्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय चंदेरी में प्रस्तुत किया जा रहा है।



## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भियांखेडी निवासी विष्णु विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दो अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मतावली निवासी लक्ष्मण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उत्तम कटारिया ने नुकली वस्तु से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोलाडेम निवासी बंदना सपेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरनाम सपेरा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जमाल निवासी हर्ष कलावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

**अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कूट रचित आंमत्रण पत्र बनाकर छबि धूमिल करने पर मामला दर्ज:** अशोकनगर। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत 24 दिसंबर 2025 को शिवकुमार पुत्र बुधमन बरखडे निवासी सीएचएमओं कार्यालय अशोकनगर के द्वारा आवेदन दिया गया था जिसकी जांच उप निरीक्षक जोगेन्द्र सिंह यादव द्वारा की गई जिसमें पाया गया कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 50 विस्तरीय अस्पताल के भवन निर्माण के भूमि पूजन हेतु कूट रचित आमंत्रण पत्र बनाकर, क्षेत्र में भ्रम फैलाकर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति की छबि धूमिल करने का प्रयास किया गया।

**अज्ञात बदमाश बाईक चोरी कर ले गए:** अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत अंकित जैन निवासी छैःघरा कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बिलाला मिल रोड जैन औषधालय के पास से कोई अज्ञात आरोपी उसकी बाईक जिसका नंबर एमपी 67 जेडए 0491 को चोरी कर ले गए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

**दो बाईक आपस में टकराई:** अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत देवेन्द्र कुशवाह के घर के सामने ग्राम छीपौन में दो बाईक आपस में टकरा गईं, इस घटना में दोनों बाईक सवारों को चोटें आई हैं। इस घटना में लोगों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया उसके बाद उन्हें भोपाल के लिए रैफर किया गया है। एक पक्ष की ओर से प्रदीप यादव निवासी रातीखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई ।